हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी...



07 निर्मला कॉन्वेन्ट स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



खबर संक्षेप

लक्ष्मीनारायण मंदिर में दीपदान आज होगा

विदिशा। लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज सोमवार को भाद्रपद कृष्ण जया एकादशी के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया जाएगा। धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में गोधूली बेला में मनोकामना दीपदान होगा। श्रद्धालुओं द्वारा तुलसी पत्रों से श्रीहरि की आराधना एवं मंगल आरती की जाएगी। इस अवसर पर गो भक्तों द्वारा अक्षय पुण्य फल की कामना से गायों को हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गोसेवा भी की जाएगी। आयोजन में श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

आधार अपडेट अभियान में शीर्ष पांच में विदिशा

विदिशा। विद्यार्थियों के आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए चलाए जा रहे 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' अभियान में विदिशा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अगस्त 2026 में जिला प्रदेश के शीर्ष पांच प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हुआ है। यूआईडीएआई निदेशक ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आधार अपडेट कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है। विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को जानकारी देकर समयबद्ध अपडेट कराया जा रहा है। अप्रैल 2026 के बाद विदिशा दूसरी बार शीर्ष पांच जिलों में शामिल हुआ है।

फसल सुरक्षा का तकनीकी प्रशिक्षण

विदिशा। कृषि रोडमैप के तहत ग्राम हासुआ में कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अमले ने सोयाबीन एवं उड़द की फसलों का निरीक्षण कर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया। 40 किसानों को पीला मोजेक, सोयाबीन मोजेक, राइजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट, एंथ्रेक्नोज और पत्ती खाने वाली इल्लियों की पहचान एवं नियंत्रण के उपाय बताए गए। वैज्ञानिकों ने रोगग्रस्त पौधों को प्रारंभिक अवस्था में हटाने, सफेद मक्खी की निगरानी के लिए पीले स्टिकी ट्रैप लगाने तथा अनुशंसित मात्रा में ही कीटनाशक एवं फफूंदनाशक उपयोग करने की सलाह दी। किसानों की फसल संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।

रेसलिंग में सोमिल ने हासिल की सैकेंड रैक

विदिशा। बैरसिया में आयोजित मप्र चैंपियनशिप रेसलिंग



प्रतियोगिता में विदिशा के सोमिल यादव ने सेकंड रैंक हासिल की। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

ईडब्ल्यूएस के अधिकारों को लेकर श्री राजपूत करणी सेना ने उठाईं 20 मांगें

ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर भरी हुंकार 10% से बढ़ाकर 20% करने की उठी मांग



विदिशा। सड़कों पर मशालें और हाथों में भगवा ध्वज लेकर माधवगंज तक निकले युवा।



विदिशा। माधवगंज पर प्रदर्शन कर 20सूत्रीय मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्री राजपूत करणी सेना ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अधिकारों को लेकर 20 सूत्रीय मांगें उठाई हैं। नीमताल से माधवगंज पर हाथों में मशाल और भगवा ध्वज लेकर रैली निकाली गई। करणी सेना प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह के नेतृत्व में माधवगंज पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण के सरलीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला प्रशासन एको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, लेकिन जटिल नियमों एवं प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में पात्र अभ्यर्थी इसका वास्तविक लाभ नहीं ले पा रहे हैं। करणी सेना ने मांग की कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए 20 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए। संगठन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनजागरण एवं जनचेतना अभियान चलाया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि करणी सेना की यात्रा मप्र के विभिन्न जिलों में पहुंच रही है। यात्रा के दौरान जनजागरण एवं जनचेतना रैलियां आयोजित की जा रही हैं। यात्रा के विदिशा जिले में पहुंचने पर भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम होंगे तथा यात्रा पूर्ण होने के बाद भोपाल में विशाल जनआंदोलन प्रस्तावित है। ज्ञापन में मांग की गई कि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को दिए गए ईडब्ल्यूएस आरक्षण को अधिक प्रभावी एवं सरल बनाने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए। नहीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

कृषि भूमि की कठोर शर्तों का सरलीकरण करने की मांग की

श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष एतेंद्र सिंह राजपूत (पिंटू बना) के अनुसार मांग पत्र में मकान, प्लॉट और संपत्ति संबंधी जटिल शर्तें समाप्त करने और कृषि भूमि की कठोर शर्तों का सरलीकरण करने की मांग रखी। संगठन ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र की वैधता पांच वर्ष करने और प्रमाण-पत्र 15 दिनों में जारी करना अनिवार्य करने की मांग भी रखी। केंद्रीय एवं राज्य की भर्तियों में ईडब्ल्यूएस का पूर्ण लाभ देने, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों में आरक्षण लागू करने तथा ईडब्ल्यूएस छात्रों को शिक्षा शुल्क में विशेष छूट देने की मांग है। प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन शुल्क में छूट, नि:शुल्क कोचिंग एवं शिक्षण व्यवस्था, विशेष छात्रवृत्ति तथा गरीब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण देने की मांग की।

मवेशियों को बचाने में बस हुई अनियंत्रित, महिला को कुचला

दर्दनाक हादसा: भाई को राखी बांधने आई थी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के पठारी-दुधावरी मार्ग पर रविवार को बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सड़क पर आए मवेशियों को बचाने की कोशिश में बस अनियंत्रित हो गई।

महिला उसकी चपेट में आ गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस और ड्राइवर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सागर जिले की रहने वाली रद्दो बाई के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, रद्दो बाई अपने भाई को राखी बांधने आई थीं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वह इसी बस से जाने वाली थीं। इसी दौरान सड़क पर मवेशी आ गए। उन्हें बचाने की कोशिश में बस अनियंत्रित हो गई और महिला उसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पठारी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

बस जब्त, ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ा

थाना प्रभारी ऋतुराज बिंझाड़े ने बताया कि पुलिस ने बस और उसके ड्राइवर को पकड़ लिया है। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। राखी के मौके पर भाई से मिलने आई महिला की मौत से परिवार में मातम का माहौल है।

तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे वाहन जब्त, 2 पर एफआईआर

क्यों हुई कार्रवाई: समझाइश के बाद भी नहीं किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बड़ा बाजार इलाके में तेज आवाज में डीजे बजाने और नियमों का पालन नहीं करने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस की समझाइश के बाद भी डीजे बंद नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने डीजे वाहन जब्त कर लिया। मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बड़ा बाजार इलाके में तेज आवाज में डीजे बजने की शिकायत पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे चलाने वालों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी। इसके बाद भी डीजे बंद नहीं किया गया। नियमों का पालन नहीं होने पर डीजे वाहन जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया।

दो लोगों पर केस दर्ज

इस मामले में लक्ष्मी नारायण कुशवाह (31), निवासी खाई मोहल्ला, वाटर वर्क्स रोड और देवेंद्र कुशवाहा (28), निवासी राघवजी कॉलोनी, विदिशा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस भी दिया गया है।

डीजे पर पुलिस की नजर

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में ध्वनि प्रदूषण और नियमों के खिलाफ डीजे चलाने पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने डीजे संचालकों और आम लोगों से तय नियमों के अनुसार ही डीजे और दूसरे साउंड सिस्टम का इस्तेमाल करने की अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता के निर्देश



विदिशा। निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वार्ड क्रमांक 11 स्थित उत्कर्ष स्कूल में निर्माणाधीन भवन का सोमवार को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने निरीक्षण किया।

इस दौरान निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की गति और निर्धारित समय-सीमा की स्थिति पर चर्चा की गई। निर्देश दिए कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक गति बनाए रखने को कहा गया। कार्य की निरंतर निगरानी करने तथा निर्माण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद उत्कर्ष स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। इससे विद्यालय के शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के संचालन को बेहतर स्थान मिलने के साथ स्कूल के विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

भारत भारती जैन मंडल ने लगाया नेत्र शिविर

विदिशा। भारत भारती जैन मंडल द्वारा एएसजी आई हॉस्पिटल नेत्र निकेतन पीतल मिल चौराह के सहयोग से 28वां नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 50 लोगों की आंखों की जांच की गई। चिकित्सक डॉ. रुपाली जैन एवं डॉ. प्रिंस माथुर ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि नेत्र निकेतन के सहयोग से अगस्त माह में भी करीब 70 लोगों की जांच की गई थी। उन्होंने चिकित्सकों, सहयोगी मोहित जैन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। शिविर में विद्युत जैन, सपना जैन, संध्या जैन, आरती सिंघई, किरण सिंघई उपस्थित रहीं।

सशक्त वाहिनी के नवीन बैच के लिए आवेदन 7 से

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सशक्त वाहिनी अभियान के तहत बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जैन कॉलेज में नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। नवीन बैच के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एवं न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण बालिकाएं 7 से 15 सितंबर तक आवेदन कर सकती हैं। कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संचालित होती हैं। बालिकाओं को नि:शुल्क अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन के लिए 10वीं-12वीं की अंकसूची और आधार कार्ड की प्रतियां लाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 9425130150 पर संपर्क किया जा सकता है।

भुजरिया मिलन में शिक्षकों का किया सम्मान

विदिशा। प्रजापति समाज द्वारा मोहनगिरी स्थित महामाई माता मंदिर में भुजरिया मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले बारेलाल प्रजापति, कालूराज प्रजापति, श्यामबाबू प्रजापति, कुलदीप कुंभकार, गीता कुंभकार, बृजेश प्रजापति सहित जिले के अनेक शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष नथन सिंह प्रजापति ने कहा कि शिक्षक छात्रों के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष संजय प्रजापति ने गुरु सम्मान की परंपरा पर जोर दिया। समाजसेवी डॉ. यूएस चक्रवर्ती ने हर बच्चे को शिक्षित करने का आह्वान किया।

बारिश बाद खराब सड़कों और गड्ढों को प्राथमिकता से ठीक कराने मांग

गड्ढों पर कफन डालकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। सड़कों पर उभरे गड्ढों में कफन रखकर कांग्रेसियों ने लगाए भाजपा नेताओं और नपा के खिलाफ नारे।

शहर की खराब सड़कों और गहरे गड्ढों को लेकर कांग्रेस ने रविवार को अनोखा प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों पर सफेद कफन डाले। वहां फूल और मटके रखकर विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने बदहाल सड़कों के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रदेश सरकार को जिम्मेदार बताया। उन्होंने जल्द सड़कें ठीक कराने की मांग की।

शहर की कई सड़कें ऐसी हो चुकी हैं जहां चलना तक दूभर हो रहा है। बाजवूद इसके न तो मरम्मत की जा रही और न ही सड़कों का निर्माण हो पा रहा है। सरकार के स्तर पर भी कोई प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहर की कई मुख्य सड़कों की हालत लंबे समय से खराब है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। कांग्रेस नेता रवि साहू ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रवि साहू ने तिलक चौक इलाके में गड्ढे में गिरने से बच्ची की मौत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर घटना है। सड़क के गड्ढे लोगों की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। सरकार और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का ध्यान खींचने के लिए कफन प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर की सड़कों की हालत सुधारने के लिए सिर्फ वादे नहीं, बल्कि जमीन पर काम दिखना चाहिए।

भुजरिया मिलन में समाज हित के मुद्दों पर मंथन

शिक्षा को बढ़ावा देने और विवाह समारोहों में अनावश्यक खर्च सीमित करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। भुजरिया मिलन के कार्यक्रम में एकजुट हुए समाजजन।

मीना समाज सेवा संगठन द्वारा मीणा समाज धर्मशाला में भुजरिया मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह मीणा ने की। इसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष, युवा ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजजनों ने आराध्य भगवान मीनेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

बैठक में वरिष्ठ विधि सलाहकार तुलसीराम वकील, रामचरण वकील, नारायण सिंह वकील एवं कालूराम मीणा वकील ने समाज हित में सुझाव रखे। बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन देने के साथ विवाह समारोहों में अनावश्यक खर्च सीमित करने पर जोर दिया गया। डीजे, राई, मंडप, दहेज तथा लगुन, शादी और रिसेप्शन में बार-बार निमंत्रण देने के बजाय एक बार आमंत्रित कर व्यर्थ खर्च रोकने की बात कही गई। एड सागर मीणा ने बेतवा तट श्रीराम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव रखा, जिसका समाजजनों ने समर्थन किया। संगठन मंत्री मोहन मीणा ने पदाधिकारियों की सूची का वाचन किया। जिलाध्यक्ष राजाराम मीणा ने संगठन विस्तार और जातिगत सर्वे की योजना बताई। जिला सचिव सौदान सिंह मीणा ने मीनेश जयंती के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। संचालन दीवान सिंह वकील ने किया। समाजजनों ने भुजरियों का आदान-प्रदान कर भाईचारे की परंपरा निभाई। ट्रस्ट अध्यक्ष गजराज सिंह मीणा एवं युवा जिला अध्यक्ष ऋषिराज मीणा ने आभार व्यक्त किया।

हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी का महासंयोग 14 सितंबर को

14 को सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत, होगी भगवान गणेश की स्थापना 2004, 2011 और 2023 में भी बना था ऐसा संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इस बार हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी का पर्व एक ही दिन 14 सितंबर, सोमवार को मनाया जाएगा। तिथि भेद के कारण बने इस दुर्लभ संयोग से एक ही दिन भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश के पूजन का विशेष अवसर मिलेगा। हरितालिका तीज को अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की आराधना की जाती है। वहीं भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मध्यान्ह काल में भगवान गणेश का जन्म हुआ था, इसलिए इसी समय गणेशजी की स्थापना और पूजन का विधान है।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि उदया काल में तृतीया तिथि होने के कारण 14 सितंबर को ही हरितालिका तीज का व्रत रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार 14 सितंबर को तृतीया तिथि सुबह 7:07 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी, जो 15 सितंबर को सुबह 7:44 बजे तक रहेगी। चूंकि 14 सितंबर को मध्यान्ह के समय चतुर्थी तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए भगवान गणेश की स्थापना भी इसी दिन की जाएगी। उन्होंने बताया कि धर्मशास्त्रों के अनुसार तृतीया का व्रत तृतीयायुक्त चतुर्थी में करना शास्त्रसम्मत माना गया है।

दोनों पर्व एक साथ पड़ रहे, कई शुभ योग भी बनेंगे

पंडित शास्त्री के अनुसार इस बार दोनों पर्व सोमवार को पड़ रहे हैं। सोमवार भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है और हरितालिका तीज में शिव-पार्वती की आराधना का विशेष महत्व है। इसके साथ ही चित्रा और स्वाति नक्षत्र का संयोग तथा ब्रह्म और ऐन्द्र योग भी रहेगा, जिससे पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। पंचांग के अनुसार चित्रा नक्षत्र 14 सितंबर को सूर्योदय से दोपहर 1:55 बजे तक रहेगा। इसके बाद स्वाति नक्षत्र प्रारंभ होगा, जो 15 सितंबर को दोपहर 3:21 बजे तक रहेगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इन नक्षत्रों में शिव परिवार का पूजन शुभ एवं फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से पूजा और गणेश स्थापना करने से सुख-समृद्धि, शांति तथा रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है।

पहले भी बन चुका है इस तरह का संयोग

हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक साथ आने का संयोग इससे पहले 17 सितंबर 2004, 1 सितंबर 2011 और 18 सितंबर 2023 को भी बना था। वर्ष 2023 में भी तिथि की ऐसी ही स्थिति बनने के कारण कई स्थानों पर चतुर्थी तिथि को लेकर अलग-अलग दिन पूजा की गई थी। इस बार भी तिथि भेद के चलते 14 सितंबर को दोनों पर्व एक साथ मनाए जाएंगे।

खबर संक्षेप

हनुमान चालीसा पाठ का 145 वां चरण संपन्न



गंजबासौदा। हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के विशेष अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ का 145 वाँ चरण श्री सिद्धेश्वर एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर कालाबाग में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा सात बार सामूहिक रूप से संगीतमय हनुमान चालीसा का सुंदर वाचन किया गया। एक दिन पूर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण की बधाई एवं भजनों की शानदार प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ का यह क्रम आगे भी निरंतर चलता रहेगा। समिति का उद्देश्य केवल हनुमान चालीसा पाठ करना नहीं, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकना तथा धर्म एवं आध्यात्म के प्रति जागृति पैदा करना है। उन्होंने कहा कि शहर में युवा वर्ग नशे की समस्या से प्रभावित हो रहा है। हमारा प्रयास है कि युवा जब धर्म और संस्कारों के प्रति जागृत होगा, तो वह स्वतः ही नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की दिशा में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में हिंदू वीर विशाल सेन, नंद किशोर वर्मा, नीरज साहू, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, अर्णव रघुवंशी, नरेश रजक, ऋतिक पांचाल, लखन गुर्जर, अर्पित, हर्षित मिश्रा, हर्षित, सुमित शर्मा, मोहित, जितेश प्रजापति, देव प्रजापति, विनोय मुखिया, केशव महाराज, प्रमोद शर्मा, लव गुर्जर, रामनारायण साहू, अनिकेत पाल, जैत्र राजपूत, नरेंद्र राय, निशिकांत माथुर, सतनाम सिंह राजपूत, नीतू चौबे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पंचवीर टीम ने दूसरे प्रयास में फोड़ी मटकी

गंजहरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



समीपस्थ ग्राम बनवा जागीर में मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों से टीमें पहुंची और मटकी फोड़ने के लिए जोर-आजमाइश की। प्रतियोगिता में पंचवीर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को चौंका दिया। टीम ने दूसरे ही प्रयास में मटकी फोड़कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम के मटकी फोड़ते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शकों में खुशी की लहर दौड़ गई और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा। पंचवीर टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के चलते आसपास से आई अन्य टीमों को मटकी फोड़ने का मौका ही नहीं मिल सका। समिति द्वारा पहले मटकी फोड़ने की इनाम राशि 11 हजार घोषित की गई थी। लेकिन विजेता टीम के शानदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर समिति ने इनाम की राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी। समिति के सदस्यों ने दी विजेता टीम को पुरस्कृत किया। जिसमें विजेता पंचवीर टीम को समिति के सदस्यों ने 15,000 रुपये नगद राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मां वैष्णों देवी सेवा समिति के सदस्य शुभम प्रजापति, प्रीतम पटेल ने बताया कि कल कई गांवों की टीमें आने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही पंचवीर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे प्रयास में ही मटकी फोड़ने में सफलता हासिल कर सबका दिल जीत लिया। इस दौरान भारी भीड़ मौजूद रही।

श्रीराम चन्द्र आश्रम में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

गंज बासौदा। नौलखी रोड स्थित श्रीराम चन्द्र आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह हार्टफुलनेस ध्यान सत्र के बाद अभ्यासी भाई-बहनों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित भजनों से पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। आश्रम प्रभारी स्वदेश शर्मा ने बताया कि हार्टफुलनेस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर्व इसी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में संस्कार और आध्यात्मिकता का विकास करना है, कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।



नरोदा के सरकारी स्कूल की हालत दयनीय, कभी भी हो सकता है हादसा

जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी, जर्जरहाल हुआ भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



एक ओर जहां शासन नौनिहालों को शिक्षित करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर भवन सहित सभी सुविधाएं मुहैया करा रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत नरोदा के आठवीं तक के शासकीय स्कूल की दयनीय हालत को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। स्कूल बचाओ अभियान के तहत मामला उजागर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल महज दो कमरों में चल रहा है, जबकि भवन इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी गिर सकता है। मासूम बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं। उक्त जानकारी कांग्रेस नेत्री विद्या यादव द्वारा दी गई। यहां उल्लेखनीय है कि जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत नरोदा के शासकीय स्कूल की दयनीय और खतरनाक स्थिति को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। स्कूल बचाओ अभियान के तहत इस गंभीर मामले को उजागर किया गया है। सैकड़ों बच्चों को इन दो कमरों में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह है कि स्कूल के पुराने भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि उसकी दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और छत से प्लास्टर गिर रहा है। भवन कभी भी ढह सकता है। मासूम बच्चे हर दिन इसी खतरे के साए में पढ़ने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। अभियान से जुड़े युवाओं ने इस जानकारी के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा केवल सरकार का नहीं, बल्कि हम सबका साझा मुद्दा है। यह अभियान सिर्फ नरोदा तक सीमित नहीं है, बल्कि हम स्कूल बचाओ अभियान के माध्यम से पूरे विदिशा जिले के जर्जर स्कूलों की व्यवस्था में सुधार का प्रयास कर रहे हैं। आकाश शर्मा ने कहा कि इस संबंध में जल्द ही कलेक्टर को लिखित पत्राचार किया जाएगा और जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा। यदि समय रहते स्कूल भवन की मरम्मत या नवीन भवन का निर्माण नहीं कराया गया, तो युवा कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने-अपने स्तर पर इस आवाज को बुलंद करें, स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक इस बात को पहुंचाएं।





अखिल भारतीय महिला परिषद ने किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुनि अजित सागर अखिल भारतीय महिला परिषद शाखा गंजबासौदा सोमा संभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परिषद की सदस्यों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम में डॉक्टर आराधना दीदी ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज का निर्माता होता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और जीवन की सही दिशा देता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा और उसके महत्व को उन्होंने विस्तार से समझाया। इस दौरान परिषद की सदस्य निधि जैन एवं अमीषा जैन द्वारा शिक्षकों पर आधारित बहुत ही सुंदर और भावपूर्ण कविताएं सुनाई गईं। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के सम्मान में मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किए गए, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वातावरण पूरी तरह से उल्लास और सम्मान से भरा रहा। शिक्षकों ने भी परिषद के इस प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के समस्त केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी सहित शाखा की सभी सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अंत में सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सैंट एसआरएस स्कूल प्रबंधन ने किया शिक्षकों का सम्मान



गंज बासौदा। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर नगर के सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल एवं कौटिल्य गुरुकुलम में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों का श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं रोली, चंदन लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, डायरेक्टर सुधा यादव और विद्यालय के व्याख्याता डॉ. विजय जैन ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव ने 'शिक्षक' शब्द की सुंदर व्याख्या की। उन्होंने बताया कि 'शि' से शिखर तक पहुंचाने वाला, 'क्ष' से क्षमा करने वाला तथा 'क' से कर्मशील और कमजोरी दूर करने वाला होता है। उन्होंने कहा कि एक आदर्श शिक्षक का स्वभाव नारियल की तरह होता है, जो ऊपर से कठोर किंतु अंदर से सरस और मृदुल होता है। कार्यक्रम को रंजू राठौर, डॉ. विजय कुमार जैन, सुधा यादव ने संबोधित करते हुए अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करने का संदेश दिया। विद्यालय की पूर्व शिक्षिका रत्ना देशपांडे ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जीवन में मिलने वाले विभिन्न साथी हमें कुछ न कुछ सिखाकर जाते हैं, इसलिए हमें जीवनभर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपनी गरिमा और नैतिक कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक के.पी सिंह चौहान ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

दो बाइकों की हुई भिड़ंत बालक सहित सात घायल

गंजबासौदा। रविवार को ग्राम मसूदपुर के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार 7 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मसूदपुर के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें सगीर पुत्र छोटे खां उम्र 4 वर्ष निवासी सकराई डाबर, छोटे खां उम्र 24 वर्ष, जूहैद खां उम्र 20 वर्ष, उबैश उम्र 20 वर्ष निवासी रोजरू, हारीश उम्र 20 वर्ष, गोपाल उम्र 45 वर्ष निवासी मसूदपुर और रघुवीर उम्र 54 वर्ष सहित 7 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 100 और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हे रेफर किया जा सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन में जनरल कोच बढ़ाने की मांग



गंजबासौदा। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है। जिसमें दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस (22161/22162) में तीन जनरल कोच बढ़ाए जाने की मांग की गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि इस ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। राज्यरानी एक्सप्रेस बासौदा, विदिशा क्षेत्र की सुबह की अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन है। इसमें प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं, नौकरी पेशा, व्यापारी और सामान्य यात्री अप-डाउन करते हैं। वर्तमान में जनरल कोच की संख्या कम होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनरल कोच कम होने से यात्री स्लीपर कोच में चढ़ने को मजबूर हैं, जहां अत्यधिक भीड़ के कारण खड़े होकर धक्का मुक्की में यात्रा करनी पड़ती है। कई बार जगह न मिलने से यात्रियों को मजबूरी में AC कोच में जाना पड़ता है, जहां टीटीई द्वारा जुर्माना वसूला जाता है और अपमानित किया जाता है। महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के पर्स, मोबाइल और गहने चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। जबकि AC कोच में अक्सर सीटें खाली रहती हैं। पत्र में राज्यरानी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कम से कम 3 अतिरिक्त जनरल कोच बढ़ाए जाने की मांग की गई है। जिससे क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।

त्यौहार बने सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के वाहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक रविवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डिजिटल माध्यम से सहभागिता की। बैठक का मुख्य मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया गुरूदेव डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत की संस्कृति उत्सवधर्मी है और हमारे त्योहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों के वाहक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी त्योहारों को केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रखकर, उन्हें सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान और राष्ट्रीय एकता के सशक्त माध्यम के रूप में मनाया जाए। डॉ. इन्द्रेश कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन नारी सम्मान और प्रकृति रक्षा का पर्व है। ईद मिलाद-उन-नबी मोहब्बत और खिदमत का पैगाम देता है और जन्माष्टमी सांस्कृतिक सद्भाव का उत्सव है। बैठक में संगठन को और अधिक गतिशील बनाने पर भी चर्चा हुई। मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रो. शाहिद अख्तर ने कहा कि संगठन की असली परीक्षा जमीनी स्तर पर होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय और प्रभावी बनना होगा। बैठक को राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजल, गिरीश जुयाल ने भी संबोधित किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

श्रमदान दल के तत्वावधान में पुण्यतिथि पर किया गया पौधारोपण

तस्वीर नहीं, बेलपत्र का पौधा बनेगा स्मृति का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



किसी अपने के जाने के बाद उसकी यादों को संजोने के लिए लोग तस्वीरें संभालकर रखते हैं, स्मृति चिह्न बनवाते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं। लेकिन नगर में एक परिवार ने अपने प्रियजन की पुण्य स्मृति को कुछ अलग अंदाज में जीवंत रखने का संकल्प लिया। यहां स्व. जानकी प्रसाद रैकवार की स्मृति में तस्वीर नहीं, बल्कि एक पौधा लगाया गया ताकि समय के साथ वह पौधा वृक्ष बने और उनकी स्मृति आने वाली पीढ़ियों को छांव देती रहे। रविवार को उनके पुत्र मोहित रैकवार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए बेलपत्र का पौधा रोपित कराया। यह पौधारोपण श्रमदान दल के साप्ताहिक पौधारोपण अभियान 5.0 के अंतर्गत त्योंदा रोड पर किया गया। पौधे की सुरक्षा के लिए परिजनों द्वारा ट्री गार्ड की व्यवस्था भी की गई। मिट्टी में रोपा गया यह छोटा-सा बेलपत्र का पौधा आने वाले वर्षों में जब बड़ा होगा, उसकी शाखाएं फैलेंगी और उसकी छांव राहगीरों को राहत देगी, तब शायद किसी को यह पता भी न हो कि इस वृक्ष की जड़ में एक भावनात्मक कहानी जुड़ी है। यह वृक्ष केवल हरियाली नहीं होगा। यह स्व. जानकी प्रसाद रैकवार की स्मृति का जीवंत प्रतीक होगा। जिस तरह किसी व्यक्ति की याद समय के साथ धुंधली पड़ सकती है, उसी तरह तस्वीरें भी एक दिन पुराने एलबम का हिस्सा बन जाती हैं। लेकिन एक वृक्ष हर मौसम के साथ बढ़ता है। उसकी हर नई पत्ती, हर नई शाखा और उसकी छांव उस स्मृति को आगे बढ़ाती रहती है। यही सोच इस पौधारोपण को सामान्य पौधारोपण से अलग बनाती है। श्रद्धांजलि का ऐसा तरीका, जिसमें भविष्य भी सुरक्षित किसी प्रियजन को श्रद्धांजलि देने का यह प्रयास केवल भावनाओं तक सीमित नहीं है। इसमें पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी जुड़ी है। मोहित रैकवार द्वारा अपने पिता की पुण्य स्मृति में पौधा रोपित कराना और परिजनों द्वारा उसके संरक्षण के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था करना यह संदेश देता है कि स्मृतियां तभी सार्थक होती हैं, जब वे समाज और प्रकृति के लिए भी कुछ छोड़ जाएं। आज जब बढ़ते शहरीकरण के बीच हरियाली को बचाना चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे समय में एक पौधे को वृक्ष बनाने का संकल्प अपने आप में महत्वपूर्ण पहल है। श्रमदान दल के सदस्यों का कहना है कि पौधारोपण अभियान की सफलता केवल लगाए गए पौधों की संख्या से तय नहीं होनी चाहिए। असली सफलता तब है, जब लगाया गया पौधा सुरक्षित रहे, बढ़े और आने वाले वर्षों में वृक्ष बने। इसी सोच के साथ अभियान में पौधों के साथ ट्री गार्ड लगाने और उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक पौधा लगाना एक दिन का काम है, लेकिन उसे वृक्ष बनाना वर्षों की जिम्मेदारी है।

सैकड़ों वर्ष पुराना है श्री कल्याण राय मंदिर

गंजबासौदा। नगर के गांधी चौक स्थित श्री कल्याण राय मंदिर का इतिहास करीब दो से ढाई सौ वर्ष पुराना बताया जाता है। यह प्राचीन मंदिर पूर्व विधायक स्व. रामनारायण तेनगुरिया के पूर्वजों से जुड़ा हुआ है। विशेष बात यह है कि यह मंदिर भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं पूर्व महामहिम डॉ. शंकर दयाल शर्मा का ननिहाल भी रहा है। बताया जाता है कि महामहिम डॉ. शंकर दयाल शर्मा का बचपन इसी मंदिर के आंगन में बीता था। तेनगुरिया परिवार द्वारा मंदिर की परंपराओं और धार्मिक आयोजनों को आज भी पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निभाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन होता है। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक कर रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव की आरती की जाती है तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। जन्माष्टमी के अगले दिन भी मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण के साथ मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी शामिल होते हैं। इस आयोजन के माध्यम से वर्षों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।



राजपूत समिति का भुजरियां मिलन समारोह संपन्न



गंज बासौदा। वार्ड नंबर 8 स्थित जग्गा के मंदिर के पास राजपूत धर्मशाला में क्षेत्र के समस्त राजपूत सरदार एकत्रित हुए। इन सभी ने एक दूसरे से प्रेम ओर सदभाव से गले मिलकर भुजरियां प्रदान करते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जगदीप सिंह, अमान सिंह, बसंत सिंह, वरिष्ठ संरक्षक सीबी सिंह गौतम, गनपत सिंह देवेंद्र सिंह, विशाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनोद राठौर, धीरेन्द्र सिकरवार, ब्रजेश सिंह पवार, जितेंद्र, गोलू राजपूत, वीर बहादुर सिंह, किशोर सिंह सिसोदिया, किशोर भदौरिया, शैलेन्द्र राठौड़, कोमल सिंह सहित समाजजन मौजूद थे।

खबर संक्षेप


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशों के परिपालन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परियोजना देवरी शहरी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से आए बच्चों का चिकित्सकीय दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की जांच के साथ-साथ उन्हें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुपोषित पाए गए बच्चों को चिन्हित कर आवश्यक उपचार एवं पोषण पुनर्वास हेतु पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया, ताकि उन्हें चिकित्सकीय देखरेख में उचित पोषण एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके। शिविर के दौरान बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, पोषण एवं बच्चों की नियमित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. पूजा परमार, डॉ धर्मेंद्र कनेरिया ,बीपीएम सुफिया खान, जय विश्वकर्मा, रजनी विट्ठल, गायत्री लोधी एवं पूनम कुर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा।

पहली बार होगा देशभर के जैन पत्रकारों का राष्ट्रीय सम्मेलन

जैन धर्म आयतनों के संरक्षण व संवर्धन में पत्रकारिता की भूमिका पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी 30 सितंबर को पहली बार भारतवर्ष के जैन पत्रकारों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। चातुर्मासरत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री आगम सागर जी महाराज, पूज्य मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज, पूज्य ऐलक श्री धैर्य सागर जी एवं पूज्य ऐलक श्री स्वागत सागर जी के मंगल आशीर्वाद से आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर देशभर के जैन पत्रकारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

रायपुर में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े जैन पत्रकार, संपादक, वरिष्ठ पत्रकार, विद्वान एवं मनीषी शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान जैन समाज, जैन धर्म एवं जैन धर्म के प्रमुख आयतनों के संरक्षण तथा संवर्धन में पत्रकारिता की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही वर्तमान समय में पत्रकारिता के सामने मौजूद चुनौतियों और समाज एवं धर्म के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारियों पर भी मंथन होगा। सम्मेलन में देश के वरिष्ठ संपादकों एवं पत्रकारों द्वारा पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित पत्रकारों का मार्गदर्शन किया जाएगा। जैन समाज की सकारात्मक गतिविधियों, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जैन धर्म की प्राचीन धरोहरों, तीर्थ क्षेत्रों एवं धार्मिक आयतनों के संरक्षण के लिए पत्रकारिता किस प्रकार प्रभावी भूमिका निभा सकती है, इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रदीप कुमार जैन, पारस टीवी चैनल के निर्देशक प्रकाश मोदी एवं जैन पत्रकार महासंघ के महामंत्री उदयभान जैन सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। इनके द्वारा देशभर से आने वाले पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने, समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा धार्मिक एवं सामाजिक विषयों को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

देशभर में तैयारियां शुरू

राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर देश के विभिन्न शहरों एवं राज्यों में जैन पत्रकारों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सम्मेलन में अधिक से अधिक पत्रकारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर जैन पत्रकारों को एक मंच पर लाने की पहल को लेकर पत्रकारों एवं समाजजनों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों का मानना है कि यह सम्मेलन जैन पत्रकारिता के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करने वाला साबित होगा। सम्मेलन के माध्यम से देशभर में कार्य कर रहे जैन पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने, पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सकारात्मक गतिविधियों को सामने लाने तथा जैन धर्म की संस्कृति, परंपराओं एवं धरोहरों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने पर जोर दिया जाएगा।

पत्रकारिता को समाज एवं धर्म की आवाज बनाने पर जोर

इस अवसर पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि वे समाज एवं धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को तथ्यात्मक एवं प्रभावी ढंग से सामने लाएं। जैन समाज की प्राचीन संस्कृति, धार्मिक धरोहरों और तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण के साथ-साथ समाज में चल रहे रचनात्मक एवं सेवा कार्यों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने में पत्रकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रायपुर में होने वाला यह सम्मेलन देशभर के जैन पत्रकारों को एकजुट कर पत्रकारिता के माध्यम से समाजहित में कार्य करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने देशभर के जैन पत्रकारों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। सम्मेलन को लेकर विभिन्न स्थानों पर बैठकों का दौर जारी है और आयोजन को सफल बनाने के लिए पत्रकार एवं समाजजन सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

फादर एण्टोनी ने किया उद्घाटन

निर्मला कॉन्वेन्ट स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ कार्यक्रम गतिमान हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण, गीत एवं मनोरंजक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन में सही दिशा, संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेन्सी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एक शिक्षक का वास्तविक योगदान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में होता है। एक अच्छा शिक्षक मात्र शिक्षा ही नहीं देता बल्कि अपने उपदेश को जीवन एवं व्यक्तित्व के माध्यम से प्रदर्शित भी करता है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शिक्ष जोश फ्रांसिस के द्वारा किया गया।

वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

सिरोंज। आदर्श शिक्षक पं. चंद्रमोहन शर्मा की स्मृति में रविवार को कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लोक मंगल समिति एवं स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा लोक कल्याण न्यास के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के 32 सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का शाल, श्रीफल, साफा, उत्तरीय, माला, मिष्ठान एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, स्व. पं. चंद्रमोहन शर्मा एवं स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं कु. अदिति शर्मा ने गुरुवंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने वरिष्ठ शिक्षकों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। शिक्षाविद् दिनेश राजोरिया ने कहा कि शिक्षक देश और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं अनादि टीवी के प्रकाश भटनागर ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र और भविष्य का निर्माण करता है। कार्यक्रम में आशीष शर्मा एवं शिवकुमार मिश्रा ने पं. चंद्रमोहन शर्मा के शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ईमानदारी, अनुशासन और अपने ज्ञान के कारण शहर में आदर्श शिक्षक के रूप में पहचाने जाते थे। उनके अनेक शिष्य आज विभिन्न क्षेत्रों में समाज एवं देश की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 32 सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी मनमोहन शर्मा के निधन से शहर में शोक की लहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शहरी पटवारी उमेश शर्मा के पिता एवं वरिष्ठ समाजसेवी मनमोहन शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मनमोहन शर्मा लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे और अपने सरल एवं मिलनसार व्यवहार के चलते लोगों के बीच विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने भी शर्मा परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मनमोहन शर्मा का निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। इस दौरान सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

सिरोंज पेट्रोल पंप एसोसिएशन का गठन सर्वसम्मति से सरसिज शर्मा बने अध्यक्ष

सिरोंज। तहसील सिरोंज अंतर्गत संचालित सभी पेट्रोल पंप संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों की समस्याओं, आपसी समन्वय एवं संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सिरोंज पेट्रोल पंप एसोसिएशन का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पेट्रोल पंप संचालकों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया। जिसमें सरसिज शर्मा उर्फ छोटू महाराज को अध्यक्ष, मनीष बलेजा को महामंत्री तथा अनिक साहू को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। सभी संचालकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा पेट्रोल पंप संचालकों के हित में मिलकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर सिरोंज नगर सहित तहसील क्षेत्र में संचालित विभिन्न पेट्रोल पंपों के संचालक उपस्थित रहें। इस दौरान वीरेंद्र पालीवाल,सौरभ श्रीवास्तव,शेखर पाटीदार, प्रदीप शर्मा, भोलाराम रघुवंशी, राम पाटीदार, अशोक शर्मा, जतिन सप्रे, राजेश सोनी, नसीम खान, अभिषेक सप्रे, राहुल रघुवंशी, नीरज मालवीय सहित अन्य पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे। एसोसिएशन के गठन के उपरांत सभी उपस्थित सदस्यों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने मिलकर भोजन किया। उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।



अतिक्रमण के मकड़जाल में ग्यारसपुर की मुख्य सड़क

सड़क किनारे फुटपाथ न होने के कारण जान जोखिम में डालकर चल रहे राहगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अधिक परेशानी



फुटपाथ नहीं होने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे तेज रफ्तार वाहनों के बीच चलने को मजबूर हैं। नागरिकों ने सड़क की सीमा निर्धारित कर बाधक अतिक्रमण हटाने और सुरक्षित पैदल मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार सुधीर शुक्ला ने बताया कि सोमवार को मौके का निरीक्षण किया जाएगा। जहां अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता होगी, वहां कार्रवाई की जाएगी और पैदल राहगीरों के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

नगर के मुख्य मार्ग और बसस्टैंड क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के कारण पैदल राहगीरों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों द्वारा दुकानों का सामान सड़क तक फैलाने और अस्थाई ठेले खड़े कराने से पैदल चलने के लिए जगह नहीं बची है। मजबूरी में राहगीरों को सड़क पर चलना पड़ रहा है, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है।

बसस्टैंड की मुख्य सड़क से लेकर तहसील कार्यालय मार्ग और चोपड़ा मोहल्ले तक जगह-जगह अतिक्रमण नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दुकानदार कई फीट तक सड़क की ओर सामान बढ़ा रहे हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के सामने ठेले लगाने वालों से किराया भी वसूल रहे हैं, जबकि संबंधित सड़क नेशनल हाईवे विभाग के अधीन बताई जा रही है। फुटपाथ न होने के कारण यहां अए दिन हादसों का खतरा रहता है।

इश्तियाक अहमद मंसूरी बने ऑल मंसूरी समाज सोसायटी अध्यक्ष

कुरवाई। ऑल मंसूरी समाज सोसायटी, मध्यप्रदेश ने कुरवाई निवासी इश्तियाक अहमद मंसूरी को कुरवाई तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में सोसायटी की ओर से 5 सितंबर 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नियुक्ति पत्र के अनुसार, समाज सेवा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान और मंसूरी समाज के हित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की कोर कमेटी की सहमति से यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष जावेद मंसूरी की सहमति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी अब्दुल जलील मंसूरी के अनुमोदन के आधार पर की गई है। संगठन ने इश्तियाक अहमद मंसूरी से संस्था के संविधान का पालन करते हुए दायित्व का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कुरवाई क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता और समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी।

सामाजिक एकता, शिक्षा और रघुवंशी युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर स्थित रघुवंशी धर्मशाला में रघुवंशी समाज द्वारा पारंपरिक भुजरिया मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और समाजबंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। समाजजनों ने एक-दूसरे को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गले मिलकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। समारोह में रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि भुजरिया मिलन समारोह सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों के बीच संवाद, प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती के लिए शिक्षा, संगठन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता देना जरूरी है। संगठित और शिक्षित समाज ही निरंतर प्रगति कर सकता है। जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि भुजरिया बुंदेलखंड की समृद्ध लोकपरंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सामाजिक एकता मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन को मजबूत करने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। समाजबंधुओं ने सामाजिक हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन पर भाजपा की कार्यशाला

सेवा संकल्प अभियान का लिया संकल्प



विदिशा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, बूथ स्तर तक होंगे 13 सेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष की जनसेवा एवं सुशासन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जिला प्रभारी सीताराम यादव ने अभियान की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने की बात कही।

जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को सुशासन का उदाहरण बताया। विधायक मुकेश टंडन ने अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, हरिसिंह सप्रे, डॉ राकेश सिंह जादौन, राममोहन बघेल, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल सोनकर बलवीर रघुवंशी, रवि सोनी, अंशलेखा भावसार, प्रीति राकेश शर्मा, पंकज पांडे, संतोष शर्मा, राकेश कटारे, गायत्री रघुवंशी, अंजली यादव, सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, रामगुलाम राजोरिया, डॉ राहुल जैन आदि उपस्थित रहे।

पाड़ोछा की बाल गोपाल टोली ने जीती प्रतियोगिता

कुरवाई में गूंजे 'गोविंदा आला रे' के जयकारे: विधायक हरिसिंह सप्रे ने की प्रवेश शुल्क लौटाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर बस स्टैंड परिसर में आयोजित भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे की गूंजती धुनों और हजारों की संख्या में जुटे दर्शकों के उत्साह के बीच संपन्न हुई। रोमांचक मुकाबले में अमरकांत दुबे के नेतृत्व वाली पाड़ोछा की बाल गोपाल टोली ने उत्कृष्ट तालमेल, साहस और संतुलन का परिचय देते हुए मटकी फोड़कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। विजेता टोली को 25 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि एवं विजय-चिह्न प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद आयोजनकर्ता ऋषि सप्रे (सेठ जी), आयोजक अंकित सप्रे एवं अक्षय सप्रे (चिंटू भैया) ने सभी अतिथियों का पुष्प-मालाओं से स्वागत किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पहलवान एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी शिवरतन माझी तथा पुष्पेंद्र साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की कुल 16 टोलियों ने भाग लिया। इनमें गोलू ठाकुर कोहलूआ, गोलू राजपूत रूसिया, महाकाल शुभम वार्ड-12, दुल्हा देव समिति, सरकार-11, जुगराज खिरिया, शिव शक्ति धाम, बब्लू दादा भाई, अमरकांत दुबे पाड़ोछा, दीपक सप्रे, माता बाग सीनियर, अनुज पटेल, माता बाग जूनियर, गोलू राजपूत रूसिया-2 एवं राजा-11 की टोलियां शामिल रहीं। प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित की गई। पहले चरण में सात-सात सदस्यों ने मानव पिरामिड बनाया। दूसरे चरण में आठ-आठ और तीसरे चरण में 10-10 सदस्यों ने कठिन संतुलन परीक्षा में हिस्सा लिया। अंतिम एवं निर्णायक चरण में प्रत्येक टोली के 12-12 सदस्यों को मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ने की चुनौती दी गई। सातवें क्रम पर मैदान में उतरी पाड़ोछा की बाल गोपाल टोली के 12 खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और संतुलन के साथ पिरामिड तैयार कर मटकी फोड़ दी।



सभी 16 टोलियों का प्रवेश शुल्क लौटाया

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक एवं साहसिक खेल युवाओं में अनुशासन, संगठन क्षमता, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करते हैं। युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी 16 टोलियों का प्रवेश शुल्क अपनी ओर से वापस लौटाने की घोषणा की। इस घोषणा का उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सम्मान समारोह में आयोजनकर्ता ऋषि सप्रे (सेठ जी) ने विजेता पाड़ोछा टोली को 25 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की, जबकि आयोजक अंकित सप्रे ने चमचमाता विजय-चिह्न भेंट किया।

मनमोहक झांकियों से सजा साकेत शिशु रंजन

विदिशा। साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। नन्हे बाल कलाकारों ने श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाओं, रासलीला, मटकी फोड़, होली, गोकुल की झांकी सहित राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूपों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कृष्ण एवं राधा के रूप में सजे बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के म्यूजिक ग्रुप ने कृष्ण भजनों एवं भक्तिमय गीतों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित, मुख्य अतिथि चंद्रमोहन बंसल, प्रधानाचार्य सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। डायरेक्टर ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग और गीता की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। समापन पर भव्य आरती एवं शिव रुद्राष्टकम की प्रस्तुति हुई।

कार्यालय श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला जिला विदिशा

पंजी.क्र./डी.आर./बीडीएस/944/15/09/2014 दिनांक 09.09.2025

वार्षिक आमसभा की सूचना

श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को स्थान कार्यालय गोबरहेला पर समय दोपहर 2 बजे रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा हुई बैठक आधे घंटे बाद पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

बृजकिशोर राठी
अध्यक्ष
श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला, जिला विदिशा

हिंदू उत्सव समिति रायसेन ने माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में महाकाल गोविंदाओं की टीम चौथी बार विजेता

9 गोविंदाओं की टीमों ने लिया हिस्सा, विजेता महाकाल गोविंदा टीम रमासिया टीम को साढ़े 35 हजार का नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन





जिला मुख्यालय के महामाया चौक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस साल रविवार को श्री हिंदू उत्सव समिति रायसेन द्वारा की प्रसिद्ध माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायसेन शहर सहित आसपास के गांवों की लगभग नौ गोविंदाओं की टीम ने भाग लिया। इन टीमों में गोविंदा फेंस क्लब रायसेन, खेड़ापति दरबार समिति टीम सेंडोरा, बजरंग गोविंदा टीम रामनगर, अंशुल खत्री इलेवन टीम रायसेन, महाकाल टीम गनिहारी, शिवाराम गोविंदा टीम सालेरा, खेड़ापति दरबार समिति राहुल नगर, जय मां भवानी समिति धनियाखेड़ी, महाकाल गोविंदा टीम रमासिया शामिल हुईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री सहित पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्षों को मंचासीन किया गया। श्री हिउस समिति अध्यक्ष रवि खत्री ने मंचासीन पूर्व समिति अध्यक्षों राजकुमार यादव, मनोज अग्रवाल राजू राठौर, बबलू ठाकुर कृष्णकांत चतुर्वेदी महाराज, मनीष बंटी माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता का पुरस्कार अंशुल खत्री की ओर से नकद इक्कीस हजार रुपए रखा गया था। जनसहयोग से बढ़कर यह राशि साढ़े पैंतीस हजार रुपए हो गया था। मंचासीन श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्षों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया अध्यक्ष रवि खत्री द्वारा। मंचासीन बबलू ठाकुर, अशोक सोनी, मनोज अग्रवाल मनीष बंटी माहेश्वरी, जमना सेन अशोक सोनी,दीपक पंड्या, हल्ला महाराज, ऋषभ यादव, संतोष बघेल ,आलोक चौरसिया, राजेश यादव विक्रम विक्की ठाकुर, रमाकांत मीणा, देवेंद्र डब्बू माहेश्वरी बंटी चक्रवर्ती मौजूद रहे। उनका श्री हिउस अध्यक्ष रवि खत्री द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

30 फीट ऊंचाई पर बांधी मटकी

महामाया चौक में आयोजित माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शुरुआत में मटकी करीब 30 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई थी, लेकिन आयोजक समिति ने इसकी ऊंचाई 25 फिर 23 फीट ऊंचाई पर कर दी थी। इसके बाद नौ गोविंदाओं की टीमों ने दही से भरी मटकी फोड़ने का प्रयास गोलाकार पिरामिड बनाकर किया। प्रतियोगिता में महाकाल गोविंदा समिति रमासिया सहित सभी आठ गोविंदाओं की टीमों ने हिस्सा लिया। मटकी फोड़ने के लिए टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। आखिरकार महाकाल गोविंदा टीम रमासिया की टीम ने लगातार चौथी बार टीम विजेता बनीं। महाकाल क्लब रमासिया की टीम ने बेहतर तालमेल और जोश सारा दमखम दिखाते हुए माखन से भरी मटकी फोड़ दी। मटकी टूटते ही पूरा महामाया चौक मैदान जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विजेता टीम को साढ़े 35 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा टीम को अन्य उपहार भेंट किए गए। महाकाल टीम रमासिया के अध्यक्ष सौदान सिंह ने मंच से कहा कि इस साल टीम चौथी बार सिरमौर बनीं। यह पुरस्कार रमासिया के सभी मंदिरों में दान स्वरूप दिए जाएंगे।

हाईवे से गोदाम तक वाहन मोड़ने में करनी पड़ती है मशक्कत

सड़क पर अतिक्रमण, संकरा रास्ता होने से बना हादसों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुल्तानगंज

जिले के सुल्तानगंज में सड़क किनारे कथित अतिक्रमण अब आम लोगों के लिए परेशानी के साथ-साथ हादसे का खतरा भी बढ़ा रहा है। बस स्टैंड चौराहे के पास हाईवे से शासकीय उचित मूल्य की दुकान और उसके गोदाम तक जाने वाला रास्ता अतिक्रमण के कारण बेहद संकरा हो गया है। इसी स्थान पर घाट होने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही और भी मुश्किल हो जाती है।

ग्रामीणों के अनुसार, हाईवे से जब राशन से भरा ट्रक गोदाम की ओर मुड़ता है तो संकरे रास्ते के कारण उसे एक ही बार में मोड़ना संभव नहीं होता। चालक को कई बार वाहन को आगे-पीछे करना पड़ता है। इस दौरान वाहन का कुछ हिस्सा हाईवे पर ही रहता है, जिससे मुख्य मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहनों के साथ हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीण देवी चौधरी, राजू और आशीष सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण रास्ता लगातार संकरा होता जा रहा है। वहीं, इसी स्थान पर घाट होने से वाहन मोड़ते समय स्थिति और ज्यादा जोखिम भरी हो जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक, हाईवे पर वाहनों की तेज आवाजाही के बीच बड़े ट्रक को सड़क पर ही आगे-पीछे कर मोड़ना पड़ता है। ऐसे में कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण की मांग की

अतिक्रमण हटाने के साथ सड़क निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर सड़क की स्थिति की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे तत्काल हटाया जाए। साथ ही हाईवे से शासकीय उचित मूल्य की दुकान और गोदाम तक जाने वाले रास्ते का निर्माण कर उसे पर्याप्त चौड़ा किया जाए।

इनका कहना है

गोदाम तक राशन पहुंचाने वाले बड़े वाहनों को संकरे रास्ते के कारण काफी परेशानी होती है। हाईवे से वाहन को गोदाम की ओर मोड़ते समय पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण चालक को बार-बार आगे-पीछे करना पड़ता है।

शिवराज सिंह यादव, राशन दुकान के सेल्समैन

सड़क की समस्या से ग्राम पंचायत को पूर्व में अवगत करवाया गया था, किंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब उच्च अधिकारियों को पत्र लिख कर अवगत करवाएंगे।

राजेंद्र ठाकुर, समिति प्रबंधक।

सरस्वती शिशु मंदिर में किशोरी विकास एवं सुपोषण मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



सेवा भारती समिति द्वारा सुपोषण सप्ताह के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में किशोरी विकास एवं सुपोषण के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष सहयोगी जेयेश के मेडिकल अजय मालवीय, एवं दिलीप धारीवाल रहे। कार्यक्रम मेंमुख्य अतिथि के रूप में अन्नू अश्विन पेठे जिला अध्यक्ष कल्चुरी समाज अमरावती महाराष्ट्र विषेश अतिथि डॉ साधना ठाकुर, डाइटिशियन अमृता भाटी, एस आई (पुलिस) नेहा अहीरवार ने उपस्थित होकर किशोरी बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की उपस्थित रही। सुपोषण के लिए प्रदर्शनी लगाई गई बताया कि हमें अपने भोजन में क्या-क्या लेना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में सेवा भारती जिला अध्यक्ष दिनेश राजोरिया नगर अध्यक्ष अवध नारायण सक्सेना ठाकुर किशोर सिंह जिला सेवा भारती समिति सदस्य हीरेन्द्र मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा भारती केंद्रो की सभी दीदी ने सहयोग किया।

संत रविदास मंदिर में 10 सितंबर को होगी मूर्ति स्थापना, समरसता भोज का भी होगा आयोजन

रायसेन। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की स्मृति एवं उनके समतामूलक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायसेन में मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 10 सितंबर को सुबह 10.30 बजे वार्ड क्रमांक 17 स्थित कृषि उपज मंडी के सामने संत रविदास मंदिर, कलईपुरा में कार्यक्रम होगा। आयोजन में समरसता भोज भी रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, समारोह के माध्यम से संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और समाजजनों की सहभागिता रहेगी। इस धार्मिक आयोजन में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने को मुख्य अतिथि के रूप मेंआमंत्रित किया गया है।

कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग किया

इंडियन चौराहे पर तनाव: जमीन विवाद में आमने-सामने आए दो पक्ष, निकले लट्ठ लुहागियां

पूछताछ शुरू, स्थिति नियंत्रण में, दोनों पक्षों के विरुद्ध काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शहर के इंडियन चौराहे पर एक मजार के नजदीक रविवार को सुबह जमीन विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विवाद की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग-अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जमीन से जुड़े विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद लाठियां लुहागी निकल आईं मामला बढ़ने लगा था। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे तनाव और बढ़ने की आशंका बन गई। कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल सहित मौके पर पुलिस की तत्परता से मामला बढ़ने से पहले ही शांत हो गया।

पुलिस ने शुरू की पूछताछ

विवाद की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया और बिगड़ती स्थिति संभाली। इसके बाद दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी गई। पुलिस जमीन से जुड़े विवाद की वास्तविक वजह और घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। बताया जाता है कि एक पक्ष द्वारा किराए की दुकान पर आटा चक्की लगाकर कब्जा जमा लिया है। दूसरा पक्ष हाईकोर्ट जबलपुर से केस जीत गया है। लेकिन दूसरा पक्ष द्वारा कब्जा जमा रखा है। वह पक्ष उस जमीन को वक्फ बोर्ड की प्रोपर्टी बता रहा है। फिलहाल मौके पर स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, जांच के बाद ही विवाद की वास्तविक वजह और आगे की कार्रवाई के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी। कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर उभय पक्षीय प्रकरण दर्ज कर लिया है।

लागत खर्च बढ़ा तो प्रतिमाओं की कीमत हुई दो गुना तक

मूर्तिकारों द्वारा गणेश प्रतिमाओं का किया जा रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव निकट आ रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय और बाहर से आए मूर्तिकारों द्वारा विभिन्न आकर मुद्राओं की आकर्षक श्री गणेश प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। नर्मदा क्षेत्र में नगर सबसे बड़ा मूर्ति निर्माण का केंद्र बना हुआ है सैकड़ो की संख्या में प्रतिमाएं ग्रामीण क्षेत्र में जाती है। श्री गणेश उत्सव हो या शारदीय नवरात्रि पव नगर में भारी संख्या में श्री गणेश एवं मां दुर्गा की ऑर्डर पर छोटी बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण होता है। पहले नगरों में ही 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जाता था अब संपूर्ण क्षेत्र के गांव-गांव में दो-चार स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ 10 दिवसीय गणेश उत्सव में रिद्धि सिद्धि के दाता विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाएं ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित कर ग्रामीणों द्वारा पूजन आरती और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाने लगा है।

गणेश उत्सव की तैयारी शुरू

नगर और ग्रामीण क्षेत्र में 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाने की तैयारी और सक्रियता शुरू हो गई है। इसके लिए नगर में दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर पंडालो का निर्माण होगा। इसी के साथ तहसील के सबसे बड़े ग्राम खरगोन कमतोंन भोढ़िया महेश्वर जामगढ़ भगदेई बाग पिपरिया अलीगंज धोखेड़ा नयागांव में भी ग्रामीणों की समितियां सक्रिय हो गई है।

नवनियुक्त आईएएस आकाश अग्रवाल ने सीधी जिले की मझौली तहसील में संभाला एसडीएम का पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



मध्य प्रदेश कैडर के नवनियुक्त आईएएस अधिकारी आकाश अग्रवाल ने अपनी प्रशासनिक सेवा का एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सीधी जिले की मझौली तहसील में एसडीएम (सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले उन्हें बालाघाट जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया था, जहाँ उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली का बारीकी से अनुभव प्राप्त किया। अब मझौली में नए दायित्व के साथ वे क्षेत्र के विकास और कानून-व्यवस्था को गति देने के लिए तैयार हैं। आकाश अग्रवाल की इस शानदार उपलब्धि से उनके गृह नगर गैरतगंज और परिजनों में जश्न का माहौल है।

वे गैरतगंज के प्रतिष्ठित मित्तल परिवार से ताल्लुक रखते हैं: वे गैरतगंज के सेवानिवृत्त शिक्षक गोपीलाल मित्तल के नाती एवं सेवानिवृत्त आरईएस एसडीओ राकेश मित्तल के भतीजे और आयुष मित्तल के चचेरे भाई हैं। परिवार की इस प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि और युवा आईएएस अधिकारी की इस सफलता पर इष्ट-मित्रों व क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रतिभावों के सम्मान में यादव समाज ने किया सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर सम्मानित किए जाने को लेकर यादव समाज विकास परिषद के द्वारा नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रुप में मौजूद रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व गोल्ड मेडल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथियों एवं समाजजनों ने उनकी मेहनत और उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन मिलने से विद्यार्थियों में आगे बढ़ने का उत्साह पैदा होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करते हुए समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजेश्वरी यादव पिता वीरेंद्र कुमार यादव कक्षा दसवीं 94 प्रतिशत, मोहित यादव पिता माखन सिंह यादव कक्षा दसवीं 90.60 प्रतिशत, सहजो यादव पिता जीवन सिंह यादव कक्षा दसवीं 90 प्रतिशत, आराध्या यादव, पिता ब्रजेन्द्र सिंह यादव कक्षा पांचवीं 92.25 प्रतिशत तथा कृष्णा यादव, पिता वीरेंद्र यादव कक्षा आठवीं 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त राजेश्वरी यादव एवं आराध्या यादव पुष्पा हाईस्कूल सिलवानी, मोहित यादव एवं सहजो यादव सरस्वती विद्या मंदिर सिलवानी तथा कृष्णा यादव ने शेमफोर्ड स्कूल सिलवानी में अध्ययन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की, इन सभी को सम्मानित किया गया।

हादसे के बाद शव रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम

बुधनी-बाड़ी फोरलेन बना मौत का मार्ग, डंपर की चपेट में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



बुधनी से बाड़ी तक निर्माणाधीन फोरलेन हाईवे एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना। निर्माण कार्य में लगे डम्फर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान राज चौहान पिता राजेश चौहान निवासी बाबई के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई और आक्रोश का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह निर्माणाधीन फोरलेन पर गिट्टी और राखड़ लेकर आने-जाने वाले डम्फरों की लगातार आवाजाही के कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। मार्ग वर्तमान में कई स्थानों पर सिंगल लेन होने के कारण पहले ही यातायात का दबाव बना हुआ है। इसके बावजूद भारी वाहनों की तेज रफ्तार और बेतरतीब आवाजाही राहगीरों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। इसी दौरान एक डम्फर की चपेट में युवक आ गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंच गए। बाड़ी एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि बाड़ी थाने को रविवार सुबह सूचना प्राप्त हुई की बढ़िया के पास एक डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मामले को संज्ञान में लिया एवं जांच की जा रही है जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

शव सड़क पर रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम

हादसे से आक्रोशित परिजनों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। काफी देर तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। परिजनों और ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की रफ्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जमकर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाइश दी। काफी देर तक चले घटनाक्रम के बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सवाल —ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई ?

इस दर्दनाक हादसे ने निर्माणाधीन फोरलेन की सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर निर्माण एजेंसी और ठेकेदारों की जिम्मेदारी क्या है? क्या निर्माण स्थल पर भारी वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं? यदि नहीं, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी? स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान डम्फरों की तेज रफ्तार और बेतरतीब आवाजाही अक्सर देखने को मिलती है। सिंगल रोड पर भारी वाहनों के दबाव के बीच आम वाहन चालकों को बेहद सावधानी से निकलना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या निर्माण कार्य में लगे डम्फरों की गति और संचालन की नियमित निगरानी हो रही है?